English Language Mega Quiz

Directions (1-5): निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पाँच-पाँच प्रश्न दिए गए हैं। गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए दिए गए चार विकल्पों में से उचित विकल्प का चयन कीजिए।

जैव विविधता मुख्य रूप से एक मापदंड है जिसमें अलग-अलग तरह के पेड़-पौधे और पशु-पक्षी एक साथ रहते है। हर किस्म की वनस्पति और पशुवर्ग पृथ्वी के वातावरण को बेहतर बनाने में अपना अमूल्य योगदान देते है जिससे आख़िरकार पृथ्वी पर जीवन समृद्धशाली बनता है। ये सभी प्रजातियां एक दूसरे की मूलभूत जरूरतों को पूरा करती हैं जिससे एक समृद्धशाली जैव विविधिता का निर्माण होता है। हालाँकि पिछले कई सालों से जैव विविधता को समृद्ध बनाये रखने पर जोर दिया जा रहा है परंतु फिर भी कुछ समय से इसकी गरिमा में गिरावट देखी गयी है जिसकी आने वाले समय में और भी ज्यादा गिरने की आंशका जताई जा रही है। इसके पीछे मुख्य कारण है औद्योगिक फैक्टरियों से लगातार निकलता प्रदूषण। इस प्रदूषण के कारण ही कई वनस्पतियों की और जानवरों की प्रजातियां विलुप्त हो गयी हैं और कई होने की कग़ार पर हैं। इस बदलाव का एक संकेत तो साफ़ है की आने वाले समय में हमारे गृह पृथ्वी पर बहुत ही भयंकर संकट खड़ा हो जायेगा। इससे जैव विविधता का संतुलन तो निश्चित रूप से बिगड़ेगा ही तथा मनुष्य के साथ साथ जीवजंतुओं के जीवन पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा हो जायेगा। सबसे पहले यह जरुरी है की हम वातावरण संबंधी मुसीबतों के प्रति अत्यंत संवेदनशील हो। कई देशों की सरकार लोगों के बीच जैव विविधता के बिगड़ते संतुलन को लेकर जागरूकता फैला रही है और कोशिश कर रही है की इस पर जल्दी काबू पाया जाये। यह आम आदमी की भी जिम्मेदारी है की वह इस नेक कार्य में हिस्सा ले और वातावरण को शुद्ध बनाने में सरकार का सहयोग करे। मनुष्य के तकनीक के प्रति बढ़ते प्रेम को कम करने की जरुरत है। वह तकनीक और नए नए अविष्कार करने में इतना मग्न हो गया है की उसे अपने आसपास के वातावरण के बढ़ते प्रदूषण से कोई लेना देना ही नहीं है। मनुष्य को इस तरफ सोचना होगा की दूषित होते वातावरण से सिर्फ उसका ही नुकसान हो रहा है।

Q1. गद्यांश के अनुसार, एक समृद्ध जैव विविधता का निर्माण कब होता है?
(a) जब सभी प्रजातियां एक-दूसरे की मूलभूत जरूरतों का दोहन करती हैं
(b) जब सभी प्रजातियां एक दूसरे की मूलभूत जरूरतों को पूरा करती हैं
(c) जब सभी प्रजातियां एक दूसरे की मूलभूत जरूरतों के लिए चिंतित होती हैं
(d) जब सभी प्रजातियां अपनी मूलभूत जरूरतों को पूरा करती हैं

Q2. गद्यांश के अनुसार, जैव विविधता के गौरव में गिरावट का मुख्य कारण क्या है?
(a) पर्यावरण के प्रति लापरवाही
(b) सभी जीवों में सामंजस्य की कमी
(c) औद्योगिक फैक्टरियों से लगातार निकलता प्रदूषण
(d) सभी जीव-जंतुओं की मूल-भूत आवश्यकताओं के लिए संसाधनों की कमी

Q3. गद्यांश के अनुसार, जैव विविधता का संतुलन बिगड़ने से किसके जीवन पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो जाएगा?
(a) मनुष्य
(b) जीवजंतुओं
(c) (a) और (b) दोनों
(d) वनस्पति



Q4. गद्यांश के अनुसार, किसके प्रति अत्यंत संवेदनशील होने की आवश्यकता है?

(a) प्रकृति की जरूरतों के प्रति

(b) संसाधनों के दोहन के प्रति

(c) जीव जंतुओं की आवश्यकताओं के प्रति

(d) वातावरण संबंधी मुसीबतों के प्रति

Q5. गद्यांश के अनुसार, मनुष्य को किसके प्रति बढ़ते प्रेम को कम करने की आवश्यकता है?

(a) प्रकृति

(b) तकनीक

(c) जीव-जंतुओं

(d) संसाधनों के दोहन के प्रति

Q6. निम्नलिखित में से तालव्य व्यंजन कौन से हैं?

(a) द, ट, ड, ढ

(b) च, छ, ज, झ

(c) त, थ, द, ध

(d) म, फ, ज, भ

Q7. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अर्थ की दृष्टि से 'आली' शब्द से संबद्ध नहीं है?

(a) सखी

(b) चंचल

(c) पंक्ति

(d) रेखा

Q8. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'शत्रु' का पर्यायवाची नहीं है-

(a) रिपु

(b) अरि

(c) मनुज

(d) वैरी

Q9. 'काठ की हाँडी बार-बार नहीं चढती' लोकोक्ति का अर्थ है-

(a) बुरे दिन हमेशा नहीं रहते

(b) लकड़ी का बर्तन अग्नि से जल सकता है

(c) छल-कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता है

(d) दुर्भाग्य की मार बार-बार नहीं होती

Q10. निम्नलिखित वाक्यों में से किसमे अकर्मक क्रिया प्रयुक्त है?

(a) शिशु सो रहा है।

(b) बालक खेल रहा है।

(c) छात्र पढ़ रहा है।

(d) छात्रा लिख रही है।

Q11. **'करुण रस' का स्थायी भाव क्या है?**

(a) जुगुप्सा

(b) रति

(c) उत्साह

(d) शोक

Q12. **विश्वामित्र** का सही संधि-विच्छेद है-

(a) विश्व + मित्र

(b) विश्वा + मित्र

(c) विश्व: + मित्र

(d) विश्व + अमित्र

Q13. **'संस्कार' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?**

(a) सम्

(b) सन्

(c) सम्स

(d) सन्स

Q14. **निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए।**

(a) मरीचीका

(b) मारीचिका

(c) मारिचिका

(d) मरीचिका

Q15. **निम्नलिखित प्रत्येक विकल्प में से ऐसे शब्द का चयन कीजिए जिसमे 'सम्' उपसर्ग जोड़ने से एक नया शब्द निर्मित होता है?**

(a) दोष

(b) लोप

(c) रोग

(d) योग



Child Pedagogy Mega Quiz Solutions

S1. Ans.(b)
Sol. प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, जब सभी प्रजातियां एक दूसरे की मूलभूत जरूरतों को पूरा करती हैं, तो एक समृद्ध जैव विविधता का निर्माण होता है।

S2. Ans.(c)
Sol. प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, जैव विविधता के गौरव में गिरावट का मुख्य कारण औद्योगिक फैक्टरियों से लगातार निकलता प्रदूषण है।

S3. Ans.(c)
Sol. प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, जैव विविधता का संतुलन बिगड़ने से मनुष्य और जीवजंतुओं के जीवन पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो जाएगा।

S4. Ans.(d)
Sol. प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, वातावरण संबंधी मुसीबतों के प्रति अत्यंत संवेदनशील होने की आवश्यकता है।

S5. Ans.(b)
Sol. प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, मनुष्य को 'तकनीक' के प्रति बढ़ते प्रेम को कम करने की आवश्यकता है।

S6. Ans.(b)
Sol. 'च, छ, ज, झ' तालव्य व्यंजन हैं।

S7. Ans.(b)
Sol. आली के अनेकार्थी शब्द हैं- सखी, पंक्ति और रेखा। चंचल का अर्थ है- जो चलायमान या गतिशील हो, जिसमे स्थायित्व न हो।

S8. Ans.(c)
Sol. 'मनुज', शत्रु का पर्यायवाची शब्द नहीं है।

S9. Ans.(c)
Sol. 'काठ की हाँडी बार-बार नहीं चढती' लोकोक्ति का अर्थ है- छल-कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता है।

S10. Ans.(a)
Sol. अकर्मक क्रिया – अकर्मक क्रिया के साथ कर्म नहीं होता है तथा उसका फल कर्ता पर पड़ता है या वह क्रिया जिनको करने के लिए कर्म की आवश्यकता नहीं होती, अकर्मक क्रिया कहलाती है। । जैसे – 'ज्योति रोती है', इस वाक्य में कर्म का अभाव है तथा रोती है क्रिया का फल राधा पर पड़ता है।



S11. Ans.(d)
Sol. 'करुण रस' का स्थायी भाव 'शोक' है।

S12. Ans.(d)
Sol. विश्वामित्र का सही संधि-विच्छेद है- विश्व + अमित्र।

S13. Ans.(a)
Sol. 'संस्कार' शब्द में 'सम्' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।

S14. Ans.(d)
Sol. शब्द की शुद्ध वर्तनी है- 'मरीचिका'।

S15. Ans.(d)
Sol. 'योग' शब्द में सम् उपसर्ग जोड़ने से 'संयोग' शब्द बनता है। सम् उपसर्ग से बने शब्द हैं- संयम, संयोग, संकीर्ण।